हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा दी.....



10 एड्स पीड़ित से भेदभाव कानूनी अपराध: सीएमओ




## खबर संक्षेप

### फर्जी दस्तावेजों पर लोन लेकर हड़पा, 3 पर केस

**जींद।** फर्जी दस्तावेज के आधार पर फाइनेंस करवा लोन राशि को हड़पने पर शहर थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। फाइनेंस कपनी के मैनेजर योगश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कपंनी की ब्रांच शहर में है। जो गाड़ियों पर लोन की सुविधा देती है।

### उपायुक्त ने किया सरल केंद्र का औचक निरीक्षण

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बुधवार सुबह करीब 9 बजे सरल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से दी जा रही सेवाओं के बारे में फीडबैक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी निर्धारित समय पर ड्यूटी पर आएं। नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार रखते सरकार की सेवाओं का लाभ समयबद्ध प्रदान किया जाए।

### घर का टूटा ताला, लाखों के जेवर तथा नकदी चोरी

**जींद।** जुलाना के वार्ड 13 में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा डेढ़ लाख रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। जुलाना के वार्ड 13 निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके मकान में घुस आए और कमरे का ताला तोड़ कर 12 तोले सोने के जेवरात, चांदी के सिक्के, डेढ़ लाख की नकदी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### संदिग्ध हालात में छात्रा लापता , शिकायत दर्ज

**जींद।** घर से कालेज के लिए निकली छात्रा के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दालमवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 सितंबर को उसकी बेटी घर से राजकीय महिला कालेज के निकली थी।

### बच्चा लापता, दादा पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** चंद्रलोक कालोनी से तीन वर्षीय बच्चे के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने शिकायत पर बच्चे के दादा के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चंद्रलोक कालोनी निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 को उसका तीन वर्षीय बेटा घर से निजी स्कूल नर्सरी में गया था। जिसके बाद उसका बेटा घर नही लौटा।

### जुलाना में सर्वकर्मचारी संघ की बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की लेबर शेड में सर्वकर्मचारी संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान संजीव ढांडा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से संजय गिल को प्रधान, अनिल व अजमेर दलाल को उपप्रधान, मोनू को सचिव, जूनियर को सहसचिव, संतोष देवी को कैशियर, सुभाष पांचाल को सदस्य बनाया गया।

## उपायुक्त प्रीति ने किया राजौंद का निरीक्षण

# निर्माणाधीन सड़क पर सीवरेज कार्य को पंद्रह दिन में पूरा करने के आदेश

### जन स्वास्थ्य दो तक काम पूरा कर साइट लोक निर्माण विभाग को करें हैंडओवर

नाले की दो दिन में हर हाल में सफाई की जाए



**राजौंद।** डीसी प्रीति राजौंद का दौरा करते। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

डीसी प्रीति ने आमजन से लगातार मिल रही निर्माणाधीन सड़क के कारण परेशानियों को लेकर बुधवार को राजौंद का दौरा किया और वहां पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य से पूर्व डाले जा रहे सीवरेज कार्य के बारे में अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने अगले पंद्रह दिन में सीवरेज निर्माण कार्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीवरेज का जितना टुकड़ा पूरा होता रहे, उस एरिया में सड़क बनाने का काम शुरू कर दें।

ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो। डीसी प्रीति ने बुधवार को राजौंद में कैथल मार्ग से निरीक्षण शुरू किया। जहां जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सीवरेज निर्माण कार्य बारे जानकारी दी। इसके बाद डीसी ने महाराणा प्रताप चौक से पहले निर्माण कार्य का जायजा लिया। चौक के निकट ही उन्होंने नगर पालिका सचिव को सख्त निर्देश जारी किए कि नगर पालिका क्षेत्र के इस नाले की अगले दो दिन में हर हाल में सफाई हो जाए। यह ब्लॉक नहीं रहना चाहिए। ताकि सड़क निर्माण कार्य में बाधा न आए। उन्होंने इसके बाद राजौंद में बनाए जा रहे एसटीपी का निरीक्षण कर कार्य के पूरा होने की अवधि बारे जानकारी दी। अधिकारियों को निर्देश दिए एसटीपी के कार्य को जल्द पूरा करें, ताकि आमजन को सुविधा हो सके।

उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग को सीवरेज दबाने व लोगों के घरों में कनेक्शन देने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने सीवरेज व सड़क निर्माण कार्य में गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए, गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने से पहले भी और निर्माणाधीन की अवधि में भी सामग्री के सेंपल भरें जाएं और अगर कोई कमी मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने नगर पालिका सचिव को सड़क पर पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

#### अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश

डीसी प्रीति ने मीडिया से बातचीत करते कहा कि राजौंद से लगातार आमजन व अखबारों के माध्यम से इस समस्या को उजागर किया जा रहा था। जहां पर जन स्वास्थ्य विभाग और लोक निर्माण विभाग द्वारा सीवरेज व सड़क निर्माण का कार्य किया जाना है। आज उसका निरीक्षण किया गया है। मौके पर ही अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि जन स्वास्थ्य विभाग अन्य कस्बों में अच्छा कार्य कर रहा है। आपसी समन्वय बनाकर काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दे दिए गए हैं। कालेज के सवाल पर डीसी प्रीति ने कहा कि कॉलेज का प्रोजेक्ट सिरे चढ़ चुका है। ड्राइंग फाइनल होनी बाकी है। जैसे ही ड्राइंग फाइनल होगी, काम शुरू करवा दिया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम अजय सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास बालियान, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र व वरुण कंसल, नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने अनाज मंडियों का किया दौरा

- अधिकारियों को मंडियों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



**कैथल।** एसडीएम अजय सिंह अनाज मंडी का दौरा करते। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल एसडीएम अजय सिंह ने कैथल, ढांड, पूंडरी, पाई व राजौंद अनाज मंडियों का निरीक्षण किया और धान खरीद के लिए आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने खरीद प्रक्रिया की तैयारियों बारे आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान फसल खरीद प्रक्रिया समुचित चलनी चाहिए, जहां कहीं भी कोई भी समस्या आती है तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लाएं, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। किसानों को मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था प्रदान की जाए। यदि कहीं कोई कमी नजर आ रही है तो तुरंत उसको दुरूस्त करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# होटल में प्रेमी जोड़े के जहर निगलने से मौत

### पूंडरी में घटना से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

क्षेत्र के एक प्रेमी जोड़े द्वारा सल्फास निगलकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवारों के विरोध के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। युवक सुखजिंद्र मज़दूरी करता था और घर से यह कहकर निकला था कि वह काम पर जा रहा है। वहीं, युवती अपने घर से बिना किसी को बताए निकली थी। दोनों ने किसी होटल में सल्फ़ास निगल लिया। इसके बाद युवक की तबीयत बिगड़ने लगी और वह घबराहट में होटल से बाहर निकल आया। उसने होटल कर्मचारियों से पानी मांगा, लेकिन पूछने पर कुछ न बताया। संदेह होने पर होटल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की गाड़ी से दोनों को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर हालत में युवक को परिजन प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां रात करीब 11 बजे उसकी भी मौत हो गई।

#### मामले की जांच जारी

पुलिस का कहना है कि युवती ने पहले दम तोड़ा और करीब 9 घंटे बाद युवक की भी मौत हो गई। चौकी इंचार्ज बहादुर सिंह ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, वे मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक युवती के परिजनों ने कहा कि उन्हें इस रिश्ते के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उनका कहना है कि लड़की ने कभी घर पर यह संकेत तक नहीं दिया कि वह किसी युवक से बातचीत करती थी।

### फांसी लगा दे, जहर दे दे लेकिन ऐसे छोड़कर मत जा

- अमेरिका में मरे युवक विकास की वीडियो वायरल

**कैथल।** अमेरिका में हरियाणा के कैथल के युवक विकास का मौत से पहले का वीडियो सामने आया है। उसने रोते हुए अपनी पत्नी संगीता से वापस आने की गुहार लगाई थी। वीडियो में विकास कह रहा है कि यह दुनिया मुझे ताने मारती है, तू वापस आजा संगीता। मुझे फांसी लगा दे, जहर दे दे लेकिन ऐसे छोड़कर मत जा। 2 सितंबर को विकास की मौत हुई थी। इसके बाद 12 सितंबर को विकास का शव अमेरिका से भारत लाया गया था। पैतृक गांव कौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। विकास की मां और बेटी भी अमेरिका से भारत लौट आई हैं। बेटी को उसकी दादी को सौंप दिया गया है। तीन साल पहले 80 लाख रुपए खर्च कर विकास अपनी पत्नी और बेटी के साथ अमेरिका गया था। विकास की मां ने पुत्रवधू संगीता और उसके बॉयफ्रेंड पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मां ने सोशल मीडिया पर इस संबंध में एक वीडियो भी जारी किया। इसको लेकर अमेरिका में पंचायत भी हुई थी।

# डूमरखां कलां में की पेयजल जांच

- विभाग की संयुक्त टीम ने गांव में घर घर जाकर की क्लोरिनेशन की चैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुचाने के लिए समय-समय पर पेयजल की जांच जरूरी हैं ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ रहे। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने डूमरखां कलां के जलघर का निरीक्षण करने के दौरान कही। मौके पर खंड समन्वयक कुशल शर्मा व विभाग की टीम उपस्थित रही। जबकि दूसरी तरफ नरवाना के गांव सिंगवाल में सुरेंद्र नरवाल, जींद में खंड समन्वयक दिनेश मलिक द्वारा गांव बरसोला, जुलाना में खंड समन्वयक सोमलता ने बख्ताखेड़ा गांव में, पिल्लूखेड़ा में सुरेंद्र दुग्गल ने कलवा में जल संरक्षण अभियान चलाया गया।

#### महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि जींद जिला के सभी गांव में महिलाओं को ओटी किट से पेयजल जांच का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे महिलाएं खुद पेयजल की जांच कर सकती हैं। इसके साथ ही सभी ब्लाक में खंड समन्वयक द्वारा आंगनवाड़ी वर्कर, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य को ओटी टैस्ट किट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे पेयजल में क्लोरिनेशन की जांच कर सके।

#### कमचारियों ने किया निरीक्षण

गांव में कमचारियों द्वारा पेयजल पाइप लाइन का निरीक्षण किया जाता है ताकि किसी प्रकार की लिकेज होने पर उसे तुरंत ठीक करवाया जा सकें। कहा कि जलघरों से समय-समय पर कैमिकल व बैक्ट्रोलोजिकल टैस्ट के लिए पानी के सैंपल लिए जाते हैं और पेयजल में क्लोरिनेशन की जांच नियमित तौर पर की जाती है । पेयजल में क्लोरिनेशन आपूर्ति से यह पता चल जाता है कि उपभोक्ता तक पानी शुद्ध पहुच रहा है की नही। यदि गली के अंतिम छोर पर पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन पाई जाती है ।

#### ढाबे से हजारों रुपये का समान चोरी

**उचाना।** बड़ौदा गांव में स्थित शुद्ध वैष्णो ढाबे से अज्ञात चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर लिया। खोखे की कुंडी कटर से काटकर सोलर इन्वर्टर, दो बैटरी और कमर्शियल गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान चुराया। ढाबा मालिक धर्मेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका ढाबा एनएच-352 के पास उनके खेत में बना हुआ है। उन्होंने रात करीब 11 बजे ढाबा बंद किया और घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब पानी के कैंपर रखने वाली गाड़ी ढाबे पर पहुंची, तो ड्राइवर ने ढाबे को खुला पाया था।



**उचाना।** चोरों द्वारा वैष्णो ढाबा से खोखे की तोड़ी गई कुंडी।



**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद संघ पदाधिकारी।

#### मजदूर संघ ने मनाया श्रम दिवस

**जींद।** विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती भारतीय मजदूर संघ की रीति के अनुसार श्रम दिवस धूमधाम से सफीदों रोड पर स्थित भवन निर्माण श्रमिक संघ के जिला कार्यालय में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राममहेर जांगड़ा ने की एवं संचालन जिला मंत्री विनोद शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग प्रमुख एवं प्रांत मंत्री जितेंद्र वत्स उपस्थित रहे। जिला मंत्री विनोद शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की ।

# शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

शारदीय नवरात्रि का पर्व 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। जो एक अक्टूबर तक चलेगा। इस बार शारदीय नवरात्रि बहुत ही खास होगी। क्योंकि यह नौ दिनों के बजाए 10 दिनों का होगा। इस तरह का ये संयोग लगभग नौ वर्षों के बाद बन रहा है। इससे पहले साल 2016 में नवरात्रि 10 दिनों की थी। शास्त्रों के अनुसार जब नवरात्रि की तिथियों में बढ़ोतरी होती है तब इसे बहुत ही शुभ मानी जाती है। नवरात्रि पर देवी शक्ति के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा-आराधना करने का खास महत्व होता है। नवरात्रि के पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के साथ विधि-विधान से माता दुर्गा की पूजा का पर्व शुरू हो जाता है।

#### हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

नवरात्रि पर तिथियों में बढ़ोत्तरी को बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। वहीं दूसरी तरफ जब-जब तिथियों का क्षय होता है तो इसे अच्छा नहीं माना जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हर वर्ष माता दुर्गा का पृथ्वी पर आगमन अलग-अलग वाहनों से होता है। इस बार शारदीय नवरात्र पर माता रानी हाथी पर सवार होकर पृथ्वीलोक में अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए आएंगी। माता का हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ और मंगलकारी माना जाता है। यह सुख-समृद्धि, उन्नति, वैभव, संपन्नता और सकारात्मकता का प्रतीक होता है।

#### माता दुर्गा के वाहन का विशेष महत्व

शास्त्रों के अनुसार, नवरात्रि पर माता दुर्गा के वाहन का विशेष महत्व होता है। माता के वाहन का चुनाव नवरात्रि के पहले दिन पडने वाले वार पर निर्भर करता है। जब नवरात्रि की शुरुआत रविवार या सोमवार के दिन से होती है तब मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है। इसी प्रकार शनिवार या मंगलवार नवरात्रि प्रारंभ होने पर देवी का वाहन घोड़ा होता है। मां दुर्गा का घोड़े पर आना सत्ता परिवर्तन या युद्ध का प्रतीक है। यह सत्ता पक्ष के लिए प्रतिकूल व विपक्ष के लिए शुभ स्थिति बनाता है। गुरुवार या शुक्रवार के दिन नवरात्र प्रारंभ हो तो देवी पालकी में बैठ कर आती है।

#### अच्छा संयोग



बुधवार को महाराजा असग्रेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होगी जो उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र और हस्त नक्षत्र योग के संयोग में होगी, जिसे बहुत ही शुभ और अच्छा संयोग माना जात है। इस योग में मां दुर्गा की पूजा उपासना करने से पूजा के विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर तिथि के बढने से कारण नवरात्रि नौ दिनों के बजाय 10 दिनों तक चलेगी। शारदीय नवरात्र पर्व की शुरूआत हर वर्ष अश्विन प्रतिपदा तिथि से होकर दुर्गा नवमी तक चलती है लेकिन इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के दौरान तृतीया तिथि 24 और 25 दोनों ही दिन रहेगी। जिससे नवरात्रि के एक दिन में बढ़ोतरी हो जाएगी।



## खबर संक्षेप

### निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा कैंप लगाया

**नरवाना।** भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा बेलरखा गांव में बुधवार को निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में परिषद परिवार के सदस्य डा. महेंद्र जांगड़ा ने आयुष विभाग जींद की टीम के साथ मिलकर सेवाएं प्रदान कीं। टीम में अरविंद बेनीवाल, राजेश और त्रिलोक विशेष रूप से सहयोगी रहे। शिविर में आए हुए लोगों को निशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श के साथ.साथ दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं।

### स्वदेशी संकल्प यात्रा का किया आयोजन

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या कालेज उचाना मंडी में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या अंजू रानी ने की। कुलदीप पूनिया स्वदेशी जागरण मंच प्रांत संगठन के कार्यकर्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे । प्राचार्या ने स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत स्वदेशी अपनाओ विदेशी का बहिष्कार करो नारे को प्रतिपादित करते स्वावलंबी एवं समर्थ भारत के सपने को पूरा करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

### डिप्टी स्पीकर ने श्रमिकों को बांटा खाना

**जींद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत जींद के फव्वारा चौक पर श्रम विभाग द्वारा आयोजित श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने श्रमिकों को भोजन वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को मनाया जा रहा है।

### शिव मंदिर में मनाया गया यज्ञ दिवस

**उचाना।** उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में अंतर राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर यज्ञ किया। अनिल शर्मा, राजू शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर को तृतीय अंतरा राष्ट्रीय यज्ञ दिवस मनाया गया। हर घर यज्ञ घर-घर यज्ञ अभियान के तहत लोगों को यज्ञ करने के लिए जागरूक किया जाता है। यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के सान्निध्य में देश भर में यज्ञ कार्यक्रम के आयोजन हुए। मानव जीवन रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु यज्ञ दिवस हर साल 17 सितंबर को मनाया जाएगा।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप

**जींद।** शहर थाना इलाके से नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले जांच कर रही है। शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 सितंबर रात को उसकी 16 वर्षीय घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि करण ने उसकी बेटी को अपहरण किया है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने का आरोपी काबू

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने गाड़ी की सौदेबाजी कर साढ़े 14 लाख रुपये हडपने के मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव डाहौला निवासी संदीप ने गत 15 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने गांव बडनपुर मोहाली पंजाब निवासी जसप्रीत से गत 25 जनवरी को टाटा फोरच्यूनर गाड़ी साढ़े 14 लाख रुपये में खरीदी थी।

### केएम राजकीय कॉलेज में एकल गीत प्रतियोगिता

**नरवाना।** केएम राजकीय कालेज में पंडित जसराज संगीत संस्था द्वारा संगीत प्रो डा. रविंद्र राही के निर्देशन में एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 15 छात्रों ने भाग लिया। आशुतोष बीए प्रथम वर्ष ने ओढन्ना और पहरना श्रृंगार चाहिए सै गीत के साथ प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की तमन्ना ने मैली चादर ओढ़ कै गीत के साथ द्वितीय स्थान तथा बीए प्रथम वर्ष की सुमन रानी ने फिल्मी गीत गा कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

# समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा दी जाएगी: डा. कृष्ण मिड्ढा

### डिप्टी स्पीकर ने रिबन काट कर की अभियान की शुरूआत

**प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की भगवान से प्रार्थना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी लम्बी उम्र की कामना करते नगर का प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता अभियान, गऊओं का चारा खिलाना, गरीब व्यक्ति को वस्त्र बांटना आदि सामाजिक परोपकार के कार्य कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाई है और देश अब विश्व भर में अपने आत्मनिर्भरता, समृद्धि और विकास के लिए जाना जाता है। उनके जन्मदिन के अवसर पर विदेशों से भी उन्हें बधाई संदेश मिल रहे हैं। जो यह साबित करता है कि उनके नेतृत्व का प्रभाव न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जा रहा है।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा बुधवार को नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करना और उन्हें सही पोषण प्रदान करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रारंभिक जांच को मजबूत करना, स्वास्थ्य सेवाओं तक अधिक पहुंच सुनिश्चित करना और रोकथाम पर विशेष ध्यान देना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

इसके तहत समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा दी जाएगी और परिवारों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डा. मिड्ढा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि ये समाज में एकताए सहयोग और परोपकार की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लें और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक समृद्ध और स्वस्थ भारत बनाने में योगदान दें।





#### नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नागरिकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। डिप्टी स्पीकर ने रक्तदाताओं को सम्मानित करते कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है। जो जीवन बचाने के साथ-साथ समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी फैलाता है। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रशंसा पत्र देकर उनके योगदान को सम्मानित किया।



#### अधिक से अधिक पौधे लगाएं

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने नागरिक अस्पताल के परिसर में पौधारोपण किया और सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे पर्यावरण का संरक्षण केवल हमारी जिम्मेदारी नही बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह एक कर्तव्य है। इसके साथ ही डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने भी पौधारोपण किया और जिले के नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

#### पेंशन प्रमाण पत्र बांटे

डिप्टी स्पीकर ने नए पेंशनधारकों को वितरित किए पेंशन प्रमाण पत्र

डिप्टी स्पीकर ने जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्गों को दी जाने वाली बुढ़ापा पैंशन के छह लाभर्थियों को प्रमाण पत्र दिया और कहा कि राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों के सम्मान में प्रत्येक माह तीन हजार रुपये सम्मान भत्ता के रूप में पैंशन दी

---



जींद। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

# नशामुक्त युवा व भयमुक्त समाज का संकल्प : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि जिला पुलिस का एक ही संकल्प है कि जिला का युवा नशा मुक्त हो और भयमुक्त समाज हो। जिसके लिए सभी लोगो को मिल कर प्रयास करना है। उन्होने युवाओ से अहवान किया कि वे नशे से दूर रह कर समाज उत्थान तथा ग्राम विकास में अपना रचनात्मक सहयोग दें। साइबर ठगी के प्रति जागरूक करते हुए नशे से शरीर तथा समाज को होने वाले नुकसान बारे में बारिकी से बताया और यातायात नियमों की पालना करने को कहा। एसपी कुलदीप सिंह बुधवार को गांव रामकली में नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने पौधा रोपण के साथ गांव में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला भी बढाया। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि पुलिस का मकसद कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे की अंधेरी दुनिया से निकाल कर उज्जल भविष्य की राह पर ले जाना है ताकि युवा शिक्षा, सेवा, खेल और सकारात्मकता की राह पर चले। जिससे समाज में शांति, सहयोग और सुरक्षा का माहौल बने। उन्होंने कहा कि नशा शरीर के साथ परिवार तथा समाज को खोखला करता है। जिससे अपराध व हिंसा का माहौल बनता है।

#### जागरूकता जरूरी

साइबर अपराधो से निपटने के लिए जागरूक रहना होगा

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि साइबर अपराधों में बढोत्तरी हुई है। जिस से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी है। ठग नए नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी कर रहे है। अनजान लिंक पर क्लिक न करें। किसी कॉल पर अपनी निजी जानकारी सांझा न करें। उन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी करने वालो को दूसरे लोगों की जान को जोखिम मे डालने वाला बताया। एएसपी सोनाक्षी सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा ही सही मायने मे सशक्तिकरण है। पुलिस हर परिस्थिति में महिलाओं के साथ खड़ी है। हमारा संकल्प है कि बेटियों को भयमुक्त माहौल मिले और वे आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ें।

---

#### ज्ञानवर्धक स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना।** वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि जागृत करना, उनके शब्द भंडार का विस्तार करना तथा वर्तनी की शुद्धता विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या रश्मि जैन के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की महत्ता बताते हुए मेहनत और लगन से सीखने का संदेश दिया। इसके पश्चात प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। स्पेल बी प्रतियोगिता कई रोचक चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में विद्यार्थियों को सरल शब्द दिए गए। जिन्हें उन्होंने उत्साहपूर्वक सही-सही उच्चारित किया और लिखा। जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ी, शब्दों का स्तर कठिन होता गया। मध्य चरण में प्रतिभागियों से जटिल एवं लंबे शब्द पूछे गए। वहीं अंतिम चरण में केवल चुनिंदा विद्यार्थी ही टिक पाए। विद्यार्थियों के बीच जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।



नरवाना। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को सम्मानित करती प्रिंसिपल।



जींद। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते डा. राज सैनी। फोटो :हरिभूमि

#### रक्तदान से बड़ा कोई दान नही

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर डा. राज सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता, जिला महामंत्री पुष्पा तायल व सुखदीप बुआना ने शिरकत की। डा. राज सैनी ने कहा कि युवा विकास समिति जींद बहुत ही बधाई की पात्र है। क्योंकि युवा विकास जींद लगातार रक्तदान शिविर लगाकर युवाओं को जागरुक कर रही है । आज पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में रामराय गांव में रक्तदान शिविर लगाया। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 41 युवाओं ने रक्तदान किया है। डा. राज सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता, जिला महामंत्री पुष्पा पायल ने सभी रक्तदातओं को बैज लगा कर उनका हौंसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान एक महादान होता है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। इसलिए स्वस्थ युवा को छह महीने में कम से कम एक बार रक्तदान आवश्यक करना चाहिए।

#### शिविर में 75 यूनिट एकत्रित

**उचाना।** तेरापंथ युवक परिषद ने तेरापंथ भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 95 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधिवत रूप से हुआ, जहां परिषद के पदाधिकारियों और सेवादारों ने रक्तदाताओं का स्वागत किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। नगर पालिका चेयरमैन विकास काला, मंडी प्रधान विकास पंघाल ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि यह किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने से सीधा जुड़ा है। युवाओं की भागीदारी की सराहना की। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि तेरापंथ युवक परिषद निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न रहती है। जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पर्यावरण संरक्षण अभियान और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं।



उचाना। रक्तदाता को बैज लगाते नपा प्रधान विकास काला।



जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### इको क्लब ने किया पौधारोपण

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत इको क्लब द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापिका उपासना गर्ग ने की। उपासना गर्ग ने कहा कि पौधों का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। प्रकृति की सुंदरता पौधों पर निर्भर है। वैज्ञानिक दृष्टि से पौधे ऑक्सीजन व शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं। इको क्लब की छात्राओं ने यह आह्वान किया कि वे जीवन में कम से कम के पौधों अवश्य लगाएंगी व उसकी प्रतिदिन देखदेख भी करेंगी। कार्यक्रम की संयोजिका आरती सैनी व इको क्लब की सहसंयोजिका डा. सुषमा गर्ग ने छात्राओं को जीवन में पौधारोपण से होने लाभों के बारे में बताया। इस अवसर पर रमन कुमारी, संजू व राकेश मलिक मौजूद रहे।

---



जींद। मांगों को लेकर सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा तथा भारत मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया। जिसके बाद लघु सचिवालय पहुंच कर मांगों से संबंधित ज्ञापन सीटीएम मोनिका को सौंपा। राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा तथा भारत मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर कार्यकर्ता बुधवार का रानी तलाब पर एकजुट हुए। जिसकी अध्यक्षता वीरू राम तथा एमके चहल ने की। उन्होंने का कि लोगों को मूलभूत सुविधा नही मिल रही है। धर्म के नाम पर भेदभाव हो रहा है। कुछ दिन पहले पास्टर पर हमला हुआ। उस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नही हुई है। शिक्षा प्रणाली भी दोषपूर्ण है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। चुनाव में ईवीएम की बजाय बैल्ट पेपर से चुनाव कराया जाए। ओबीसी के साथ अन्य जातिय जनगणना की जाए। आदिवासियों का उत्पीडन रोका जाए।

# टीबी को समाप्त करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजाना कलां मे पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम डा. अरूण चालिया के अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जिसकी मुख्यअतिथि के तौर पर संरपच गांव रजाना कलां पूनम देवी ने रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम मे पीएचसी रजाना कलां की गर्भवती महिला, बच्चे, बुढ़े, जवान सभी ने यहां पीएचसी रजाना कलां पहुंच कर अपना सभी चेकअप करवाया। जिसमें एएनसी रजिस्ट्रशन, एनसीडी, टीबी, आयुष्मान चिरायु योजना, पोषण माह, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थय कार्यक्रम, टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्यो को भी किया गया है और एक कदम टीबी मुक्त 2025 के तहत डा. अरूण चालिया व पीएच रजाना कलां के सभी स्टाफ मेम्बरों को टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए शपथ दिलाई गई। इसमें टीबी से संभावित मरीजों के सैंपल लिए गए और गर्भवती महिलाओं को पोषण माह के बारे में अवगत करवाया गया और उनको डाइट चार्ट के बारे में बताया गया और पौष्टिक आहार लेने के लिए उनको सलाह दी गई और सभी आए हुए मरिजो को चेकअप करके उनको दवाई वितरित की गई। इस कार्यक्रम के तहत 125 मरीजों को देखा गया।



जींद। रजाना कलां में पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। मीटिंग में दुकानदारों के साथ मौजूद सरपंच सुनील कुमार।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाया बैन

**नरवाना।** ग्राम सचिवालय उझाना में सरपंच सुनील कुमार की अध्यक्षता में गांव के सभी दुकानदारों के साथ बैठक की गई। जिसमें गांव उझाना को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन किया गया और कपड़े के थैले इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा शादी समारोह में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया ताकि बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाया जाए। सरपंच सुनील कुमार ने बताया कि यह कार्य करने वाला गांव उझाना हरियाणा प्रदेश का पहला गांव होगा जिसमें सभी गांव वाले मिल कर गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे। सरपंच सुनील कुमार ने कहा कि इस मुहिम में गांव के सभी दुकानदारों ने अपनी सहमति दे दी है और तुरंत प्रभाव से उझाना गांव में सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

---

### नागरिक अस्पताल में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम

# एड्स पीड़ित से भेदभाव कानूनी अपराध: सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग सेंटर में बुधवार को सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली की अध्यक्षता में एचआईवी, एड्स जागरूकता को लेकर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा एड्स सोसायटी पंचकूला के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में एड्स व एचआईवी को लेकर विभिन्न तरह की भ्रांतियों को दूर करने का काम किया गया।

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि एड्स बीमारी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1097 दिया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर कोई भी व्यक्ति फोन कर एड्स से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी ली जा सकती है। एचआईवी एड्स से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव करना या उनका तिरस्कार करना एक कानूनी अपराध है। जिसमें सजा का भी प्रावधान किया है प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया व डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो हमारे शरीर में जाकर पनपता है। इसे यदि किसी व्यक्ति के शरीर में एचआईवी का वायरस प्रवेश कर जाए तो देर सवेर उस व्यक्ति को एड्स नाम का रोग लग जाता है। यह वायरस मनुष्य के शरीर के प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र को धीरे-धीरे खत्म कर देता है। जिसके कारण मनुष्य के शरीर में बीमारियों से लडने की ताकत नहीं रहती है और एक ऐसी स्थिति आ जाती है कि साधारण जुखाम जैसी बीमारी भी असाध्य हो जाती है। इसलिए एड्स एक लाइलाज बीमारी है। केवल जानकारी ही इसका बचाव है।




जींद। पत्रकारों से बातचीत करते सीएमओ डा. सुमन कोहली। फोटो :हरिभूमि

#### संक्रमित सुई का प्रयोग ना होने दें

मनोज ने बताया कि एचआईवी एड्स मुख्य तौर से असुरक्षित संबंध स्थापित करने से संक्रमित सुई के प्रयोग होने से, संक्रमित रक्त के चढने से और एचआईवी पॉजिटिव मदर को होने वाली संतान को एचआईवी फैलता है। इसलिए युवाओं को संयमित जीवन व्यतीत करना चाहिए। कभी भी संक्रमित सुई का प्रयोग ना होने दें और हमेशा ही ओथराइज्ड और सरकारी ब्लड बैंक से रक्त लें। सभी गर्भवती महिलाओं का एचआईवी टेस्ट अवश्य करवाएं।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### गणित के अनुप्रयोग विषय पर सेमिनार

**जींद।** जींद इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (जाइट) कॉलेज में एक्सपर्ट लेक्चर सीरीज के तहत गणित विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं दैनिक जीवन की समस्याओं में गणित के अनुप्रयोग रहा। इस अवसर पर अल फलाह यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के गणित विभाग के डीन रिसर्च एवं मुख्य वक्ता प्रो. डा. खलील अहमद ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। डा. खलील अहमद पूर्व में जामिया मिल्लिया इस्लामियाए नई दिल्ली में गणित विभागाध्यक्ष एवं प्राकृतिक विज्ञान संकाय के डीन रह चुके हैं। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक बंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह समझाना है कि गणित केवल एक विषय नही बल्कि विज्ञान और तकनीक की रीढ़ है। जिसका प्रयोग जीवन की जटिल समस्याओं के समाधान में किया जाता है। डा. अहमद ने अपने संबोधन में गणित के विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में महत्व, इसके दैनिक जीवन में अनुप्रयोग तथा शोध के नए आयामों पर प्रकाश डाला।

### विधायक ने लोगों के साथ की पूंडरीक तीर्थ में सफाई

# स्वच्छता से स्वास्थ्य और स्वास्थ्य से ही जीवन में आती है समृद्धि : सतपाल जांबा


विधायक सतपाल जांबा तीर्थ की सफाई करते हुए फोटो : हरिभूमि

## नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की तरफ कदम बढ़ाने के साथ विश्व में दिलाई विशेष पहचान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता की तरफ हम सबको मिलकर कदम बढ़ाने होंगे। हमें अपने घर, मोहल्ले, गांव, शहर और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखना है। यह केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश की प्रगति के लिए आवश्यक है, क्योंकि स्वच्छता से ही स्वास्थ्य और स्वास्थ्य से ही समृद्धि प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा सेवा, समर्पण और स्वच्छता का यह अभियान समाज को नई दिशा एवं प्रेरणा प्रदान कर रहा है। विधायक सतपाल जांबा बुधवार को पूंडरी में पूंडरीक तीर्थ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए गए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के दौरान संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का निरंतर कार्य कर रहे हैं। पूरे विश्व में भारत देश ने अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, इस लक्ष्य व सपने को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने का भी आह्वान किया है।

### कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें

विधायक सतपाल जांबा ने पूंडरीक तीर्थ में लोगों के साथ तीर्थ के अंदर जाकर सफाई की। लोगों को अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। गंदगी के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म लेती है और मनुष्य के जीवन को काफी प्रभावित करती है, इसलिए हमें सफाई की ओर ध्यान देना चाहिए। इस प्रकार के स्वच्छता अभियान का उद्देश्य है कि नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो और इसे अपनी आदत बनाएं। हमें कचरा इधर-उधर न फैलाकर कूड़ेदान में डालना चाहिए। पॉलीथिन का प्रयोग न करें। इस मौके पर राकेश गोस्वामी, ईश्वर साकरा, राजेश बरसाना, रामप्रसाद कैनवाल, अमित सैनी, बलवंत गोलन, सोहन सिंह, शक्ति सागवाल, प्रताप राणा, ओमप्रकाश जांबा, गुरमीत हाबड़ी, धर्मेंद्र सोनू, जगदीश मत्रा, संजू फतेहपुर, निर्मल सिंह, इसहाम कौल, अंकित कैरा, बलबीर सैनी, प्रमोद ठाकुर, डॉ राजेश, दीपक, डॉ बलविंदर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी : ज्योति सैनी


स्वच्छता अभियान चलाती भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी व अन्य।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हनुमान वाटिका में चलाया गया स्वच्छता अभियान


**कैंथल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नगर परिषद कैथल द्वारा हनुमान वाटिका में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया। स्वच्छता अभियान में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग के अलावा अन्य बीजेपी कार्यकर्ता, पार्षदों तथा नगर परिषद के अधिकारियों व शहर के लोगों ने शामिल हुए और हनुमान वाटिका परिसर में सफाई की गई और पौधारोपण भी किया गया। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश प्रगति के नए आयाम छू रहा है। नित नई-नई योजनाएं क्रियान्वित कर हर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हमारा देश विकसित देश की श्रेणी में शामिल हो, वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी यही सपना है कि प्रदेश को विकसित श्रेणी में लाकर खड़ा करना है।

### नगरायुक्त ने जनसहयोग का किया आह्वान

नगर आयुक्त कपिल शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, इसलिए हमें इस स्वच्छता पखवाड़े में सक्रिय रूप से भाग लेकर न केवल अपने घर और आसपास, बल्कि पूरे समाज को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। जिला में स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसलिए आमजन को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। सभी नगर पालिकाओं में स्वच्छता अभियान चलाया गया और स्वच्छता का संदेश दिया गया। समाज और देश के विकास के लिए स्वच्छता बहुत महत्व रखती है। सभी अपनी-अपनी भागीदारी जरूर सुनिश्चित करें।

### स्वच्छता से ही समृद्ध समाज संभवः सुरभि गर्ग

नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी व ईश्वर से कामना करती हूं कि उनका स्वास्थ्य सही रहे और हमारे देश का ऐसे ही नेतृत्व करते रहे, ताकि देश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करता रहे। सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही हमें बीमारियों से बचा सकती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन जागरूकता लाना है। समाज में स्वच्छता बहुत ही महत्व रखती है, जिससे समृद्ध समाज बन सके। इस अभियान से जुड़कर स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप दें।


कैथल। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर रणदीप सुरजेवाला और रामचंद्र गुर्जर।

## शहर मैने एक राजमिस्त्री की तरह सजायाः रणदीप

- सांसद रणदीप सुरजेवाला ने विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर हरियाणा के कैथल शहर विश्वकर्मा चौंक पर विश्वकर्मा समाज सभा द्वारा धूमधाम से उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि के तौर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शिरकत की। रणदीप सुरजेवाला ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर चरण वंदना की।

### कैथल मेरा घर

उन्होंनें कहा कि एक मिस्त्री की तरह शहर को सजाया है। हर जाति व समाज की धर्मशालाओं का निर्माण करवाकर सामाजिक सद्भाव को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि कैथल मेरी कर्मभूमि है। यहां मैंने एक मिस्त्री की तरह हर कोने को सजाया-संवारा। हर घर में बिजली पहुंचाने से लेकर सीवरेज सिस्टम तक, सब कुछ मेरी निगरानी में हुआ। मैं जानता हूं कि किस घर में बिजली कहां से आ रही है, क्योंकि ये काम मैंने खुद करवाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर जाति और समाज की धर्मशालाओं का निर्माण उनके प्रयासों से संभव हुआ, जो सामाजिक एकता का प्रतीक है।


कैथल। डीसी प्रीति शिक्षकों को सम्मानित करते हुए।

## स्कूल में चले 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में कैथल जिला ने प्रदेश भर में किया टॉप

**कैथल।** स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में कैथल जिला प्रदेश में पहले स्थान पर आया है। इसकी सफलता पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डीसी प्रीति पहुंची। उन्होंने शिक्षक वर्ग से आह्वान किया कि शिक्षा के क्षेत्र में भी कैथल को प्रदेश में नंबर वन बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज सुधार के प्रत्येक प्रयास में अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में प्रदेश भर में सबसे ज्यादा 85 हजार 554 पेड़ लगाकर प्रथम रहने पर सभी इको क्लब प्रभारी बधाई के पात्र हैं। हम सब को मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में भी कैथल को प्रथम स्थान पर लाना है। उन्होंने आगे कहा कि हम सब को मिलकर युवाओं को दिशाहीन होने से बचाना है, ताकि वो नशे एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहे। केवल अध्यापक ही युवाओं को सही दिशा दे सकता है। संस्कारों के साथ शिक्षा और शिक्षा से सेवा भाव पैदा करके विद्यार्थियों को एक आदर्श नागरिक तैयार करना ही अपने आप में एक बड़ा सम्मान होगा।

## खबर संक्षेप

### प्रधान महासचिव बने राजेश उर्फ राजू पाई

**पूंडरी।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन को और मजबूती देने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए जजपा पार्टी से पूंडरी हलके से पूर्व में प्रत्याशी रहे राजेश कुमार उर्फ राजू पाई को युवा प्रदेश प्रधान महासचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और क्षेत्र में जश्न का माहौल देखने को मिला। राजेश कुमार उर्फ राजू पाई लंबे समय से पार्टी की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। वे युवाओं के बीच लोकप्रिय चेहरा माने जाते हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाया

**राजौंद।** सेवा पखवाड़ा के तहत गांव बीर बांगड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में गोगा मेडी मंदिर में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चलाकर पीएम मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए कामना की। यह सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्तूबर तक चलेगा। इसमें सभी कार्यकर्ता बड चढ़कर भाग लेंगे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### डोर टू डोर अभियान चला किया जागरूक

**कैंथल।** पुलिस टीम द्वारा जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर थाना पुंडरी क्षेत्र के गांव बाकल, हाबड़ी व पाई में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी दी।

## श्रमिक सम्मान व जागरूकता कार्यक्रम

- पीएम मोदी के जन्मदिन पर श्रम विभाग ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर कलायत में श्रम विभाग की तरफ से श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा युवा नेता एवं पूर्व मंडी प्रधान बृजेंद्र सहारण ने शिरकत की।

आयोजन का लक्ष्य श्रमिक वर्ग को सम्मान देना और उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। श्रमिक भाइयों को मिठाई बांटी और उनके साथ पीएम का जन्मदिन हर्षोल्लास सेवा भावना के साथ मनाया। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं।


कलायत। श्रमिकों व सरकारी कर्मियों के साथ मौजूद मुख्य अतिथि बृजेंद्र सहारण

### योजनाओं की दी जानकारी

इस अवसर पर श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए उन्हें विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इन योजनाओं में मजदूर पेंशन योजना, चिकित्सा सहायता, बीमा योजना, मातृत्व लाभ योजना और बच्चों की शिक्षा सहायता जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल रही। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य मजदूरों और उनके परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर कलर्क नसीब, विनोद कुमार, सुखविंदर सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### मच्छरों से बचाव के लिए वार्ड एक में करवाई फोगिंग

**सीवन।** नगर पार्षद संजय कंसल ने अपने वार्ड नंबर 1 में मच्छरों एवं कीटों से बचाव के लिए विशेष स्प्रे अभियान चलवाया। बरसात के मौसम में मच्छरों की संख्या अत्यधिक बढ़ जाने और मच्छर जनित रोग फैलने की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया। संजय कंसल ने बताया कि बरसात या उसके बाद मच्छरों की समस्या सबसे अधिक होती है, खासकर बाहरी कॉलोनियों में। इस कारण से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है। नगर पालिका की ओर से करवाए गए इस स्प्रे अभियान से लोगों को काफी राहत मिलेगी और वातावरण भी स्वच्छ रहेगा।

## एनआईआईएलएम में संगोष्ठी

- विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में प्रबंधन पर एक संगोष्ठी आयोजन किया।इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को प्रबंधन की उभरती प्रथाओं और सिद्धांतों की गहन अंतर्दृष्टि से समृद्ध करना था। इस सत्र में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कुलसचिव डॉ. राजीव दहिया, संकायाध्यक्ष डॉ. आर.के. गुप्ता, प्रो. (डॉ.) आर.के. सिंगला ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में आज की व्यावसायिक दुनिया में इसके अनुप्रयोग पर अपने विशाल ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. रेखा गुप्ता के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिसने आगे के समृद्ध सत्र की नींव रखी। सेमिनार में वाणिज्य, प्रबंधन और होटल प्रबंधन के सभी छात्रों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की, जिन्होंने उत्साहपूर्वक चर्चाओं में भाग लिया और बहुमूल्य दृष्टिकोण प्राप्त किए।


एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में संगोष्ठी में उपस्थित विद्यार्थी व अन्य।

### इनका रहा योगदान

*प्राध्यापिका रीना कौशिक के कुशल और प्रभावी मंच संचालन में कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन हुआ। सेमिनार का समापन डॉ. सोनू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, सेमिनार को सफल बनाने के लिए संसाधन व्यक्ति, गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।*

## कविता पाठ में हिमानी रही प्रथम

**कैथल।** आर.के.एस.डी. महाविद्यालय के कला एवं संस्कृति विभाग ने प्रतिभा खोज प्रतियोगिता-2025 के तहत साहित्यिक विधाओं का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर ने प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए वर्ष भर की सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा जताने से किया। संयोजिका डॉ. सुरूचि शर्मा ने प्राचार्य डॉ. पराशर, ऑनर आल इंचार्ज डॉ. अशोक अत्रि, सह संयोजक प्रो. ऋचा लांग्यान, डॉ. राजीव शर्मा एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं प्रतियोगिता के नियम स्पष्ट किए। इसमें 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. विनय सिंहल, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. जयबीर धारीवाल, डॉ. रेखा निर्णायक मंडल में शामिल रहीं। कविता पाठ में हिमानी, ख्याति, कशिश। एल्यूकेशन में जन्नत, स्नेहा तथा सिमरन रहे। इस अवसर पर डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. गीता गोयल, डॉ. विकास भारद्वाज एवं प्रो. अंजलि भी उपस्थित रहे।

## रक्तदान महादान, रक्तदान से बचाई जा सकती है किसी की जानः ज्योति


कैथल। ज्योति सैनी राजकीय आईटीआई कैथल में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

- आईटीआई में आयोजित शिविर में 46 यूनिट रक्तदान एकत्रित

राजकीय आईटीआई कैथल में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें कुल 46 यूनिट रक्तदान किया गया 18 कर्मचारियों व 28 छात्र व छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 85 छात्र छात्राओं ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया था। रक्तदान शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है आपका एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष व वजन 50 किलोग्राम से अधिक हो वह 3 महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है। संस्थान अधीक्षक सोहनलाल ने बताया की सेवा पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हर रोज कार्यक्रम होंगे।

### रिसोर्स पर्सन हरलीन कौर तथा निहारिका ढिल्लों का हुआ स्वागत

## इंडस स्कूल में अर्थशास्त्र विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला

- प्राचार्या तनु पूनिया शिक्षा में नवाचार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में अर्थशास्त्र विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। प्राचार्या तनु पूनिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन हरलीन कौर तथा निहारिका ढिल्लों का स्वागत किया। अर्थशास्त्र विषय से संबंधित नवीन शिक्षण विधियों, कठिन अवधारणाओं की सरल प्रस्तुति, प्रश्नपत्र निर्माण एवं मूल्यांकन पद्धति जैसे महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। रिसोर्स पर्सन ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों व गतिविधियों से विषय को अधिक रोचक बनाने पर जोर दिया।


कैथल। इंडस पब्लिक स्कूल में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला।

### कार्यशालाएं अहम

प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब उसमें निरंतर नवाचार हो और इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षण को गुणवत्तापूर्ण बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल हमेशा से विद्यार्थियों और शिक्षकों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यशाला को सफल बनाने में सभी के योगदान की सराहना की।


ढांड। डीसी का स्वागत करते जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

**ढांड।** सेवा पखवाड़ा के तहत गांव पबनावा के पंचायत घर में जिला परिषद कैथल चेयरमैन कर्मबीर कौल की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त कैथल प्रीति मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।गांव में पहुंचने पर चेयरमैन कर्मबीर कौल, जिला परिषद सीओ सुरेश राविश, पार्षद जितेंद्र टाया, सरपंच कश्मीर सिंह पबनावा, सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत सिंह, ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला, ब्लॉक समिति चेयरमैन ईश्वर सिंह साकरा, पूर्व सरपंच कृष शौकंद जाजनपुर, डॉ. हरि सिंह व सभी पार्षदों ने पुष्पगुच्छ देकर उपायुक्त प्रीति का भव्य स्वागत किया।शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं को उपायुक्त प्रीति और चेयरमैन कर्मबीर कौल ने बैच और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा उनका उत्साह बढ़ाया। इस रक्तदान शिविर में कुल 107 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

**खबर संक्षेप**

### भगवान विश्वकर्मा समस्त सृष्टि के रचियता

**कैथल।** सहकारी चीनी मिल में बुधवार को विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल के आसपास सफाई करने के उपरान्त अपने औजारों व मशीनों के साथ भगवान विश्वकर्मा कर पूजा की। इस अवसर पर कर्मशाला में हवन यज्ञ किया गया, जिसमें मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आहुति अर्पित की। मिल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने कर्मचारियों व अधिकारियों को विश्वकर्मा जयन्ती की बधाई देते हुए कि भगवान विश्वकर्मा के कार्यों को बताया।

### हिंदी तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में हिंदी कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़-कर कर भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने जीवन में हिंदी की उपयोगिता के बारे में बताया। प्राचार्य ने कहा कि हिंदी विश्व में तीसरे स्थान पर सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा है। विद्यार्थियों को भी अधिक से अधिक हिंदी लेखन और वाचन का अभ्यास करना चाहिए तथा भाषा की शुद्धता पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। सीनियर लेक्चरार डॉ. राजेश श्योकंद ने विद्यार्थियों को हिंदी लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### कविता वाचन में लक्ष्मी प्रथम, सुमन द्वितीय रही

**अलेवा।** राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में प्राचार्य के दिशा निर्देशानुसार हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र ढूल ने की तथा आयोजन सुमन खटक ने किया। इस दौरान भाषण, निबंध लेखन, कविता वाचन और कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कविता वाचन में लक्ष्मी ने प्रथम, सुमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में मीनाक्षी ने प्रथम, आरती ने द्वितीय तथा साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अन्नू ने प्रथम, सुप्रिया ने द्वितीय तथा मीनू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी राज्य भाषा ही नही बल्कि राष्ट्रीय भाषा, संपर्क भाषा, मातृभाषा और मानक भाषा भी है।

# खरीफ सीजन धान खरीद को लेकर तैयारियां शुरू, पीआर धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल तथा कॉमन धान का 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को धान खरीद, आवक एवं उठान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान धान खरीद, आवक एवं उठान को लेकर सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन 22 सितंबर से आरंभ होने की संभावना है।और जिला की सभी मंडियों व खरीद केंद्रों पर धान की भारी आवक का अनुमान है। इस वर्ष पीआर धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल तथा कॉमन धान का 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

**खास बातें**

- एडीसी ने खरीद कार्य को लेकर अधिकारियों से किया मंथन
- धान खरीद 22 सितंबर से शुरू होने की संभावना

## धान खरीद कार्य को समय पर जारी हिदायतों के अनुसार किया जाए

**मंडियों में किसी भी तरीके से न लगने पाए जाम**

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल व समन्वय से कार्य करें। मंडियों में आने वाले वाहनों से जाम की स्थिति न बने इसके लिए विशेष व्यवस्था की जाए। सड़कों की समय पर मरम्मत हो और मंडियों से किसी प्रकार की नकारात्मक सूचना प्राप्त न हो। एडीसी ने निर्देश दिए कि धान खरीद कार्य को सरकार द्वारा समय-समय पर जारी हिदायतों के अनुसार किया जाए। किसी प्रकार की फर्जी खरीद न हो तथा सभी रिकार्ड पूर्ण रूप से समय पर तैयार किए जाएं। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मंडियों में सुचारू परिवहन व्यवस्था व सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसबल की तैनाती की जाए। सभी उपमंडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों की मण्डियों में खरीद कार्य की निगरानी सुनिश्चित करेंगे।



**जींद।** बैठक में खरीद कार्य को लेकर दिशा-निर्देश देते एडीसी।

**यह रहे मौजूद**

इस दौरान एएसपी सोनाक्षी सिंह, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम उचाना दलजीत सिंह, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, डीएफएससी राजेश आर्य सहित सभी सचिव मार्केट कमेटी और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बिजली, पेयजल, सफाई, शौचालय, सड़क का हो प्रबंध

खरीद एजेंसियों हरियाणा वेयर हाउस, हैफेड, भारतीय खाद्य निगम तथा खाद्य एवं पूर्ति विभाग को मंडियों में मापक यंत्र, बारदाना व आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए। कार्यकारी अभियंता (भवन एवं सड़क निर्माण विभाग) को निर्देश दिए गए कि मंडियों तक जाने वाली सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें मोटरेबल बनाया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मार्केट कमेटियों को निर्देशित किया गया कि सभी मंडियों में बिजली, पेयजल, सफाई, शौचालय, कीटनाशक छिड़काव एवं मच्छरनाशी दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए कि धान खरीद से संबंधित सभी बिलों का सत्यापन कर भुगतान समयबद्ध तरीके से किया जाए ताकि किसानों को उनकी फसल की राशि समय पर मिल सके। उन्होने सम्बंधित विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को जागरूक करें कि वे अपनी फसल को सुखाकर व साफ करके ही मंडियों में लेकर आएं ताकि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके।

## रजबाहा रोड पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम

# पीएम मोदी के नेतृत्व में बजा भारत का पूरी दुनिया में डंका : देवेंद्र अत्री

डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चल कर हम देश और समाज को नई दिशा देंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶उचाना

रजबाहा रोड पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने इतिहास इतने बड़े-बड़े बनाए दिए जिन्हें सदियों तक याद देश की जनता करेंगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश का डंका विश्व में बज रहा है। धारा 370 जम्मू-कश्मीर में तोडऩे का काम किया तो अयोध्या में राम लाल की मूर्ति स्थापना की जिसको देश की जनता को सालों से इंतजार था। महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं बनाई।

विधायक ने कहा कि पहले होनहार युवा नौकरियों को तरसते थे। आज युवा पढ़-लिख कर बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है। सीएम मनोहर लाल 2014 में सीएम बनने के बाद जो बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी देने की शुरूआत की थी वो आज सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली सरकार में निरंतर जारी है। हमें गर्व है कि हम भाजपा के साथ जुड़े है। उचाना के मतदाताओं ने मुझे सेवा करने का अवसर दिया है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर आज हम चल रहे है। हम जमीन से जुड़े लोग है। मुझे गर्व है कि मैं भाजपा का सिपाही हूँ।

उन्होंने कहा कि बहुत से ऐसे लोग है जो कई पार्टी बदल चुके है। कभी किसी पार्टी में तो कभी किसी पार्टी में शामिल हुए। मैं जिस भी पार्टी में रहा हूँ वफादारी के साथ रहा हूँ। मेरे पिता जहां रहे वफादारी से रहे है। मुझे गर्व है कि भाजपा का छोटा सा सिपाही हूँ।

मेरे पिता 40 से 45 साल से लोगों की सेवा में रहे। उनका नाम किसी से छुपा नहीं है। डंके की चोट पर कहा हूँ कि मैं भाजपा का सिपाही हूँ। भाजपा ने मेरे पिता के सपने को साढ़े पांच साल में साकार करके दिखा दिया। उचाना की हाट सीट पर जीताकर चंडीगढ़ भेजने का काम किया। पार्टी को और उंचाई पर ले जाने के लिए दिन रात एक करने की जरूरत है।



**उचाना।** विधायक देवेंद्र चतरभुज को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर रामचंद्र अत्री, संदीप चहल, सुरेंद्र खरकभूरा, शीशपाल चहल, विकास पंघाल, महेंद्र लोधर, श्रवण मांडी, नरेश सौंगरी, सुरेंद्र घोघड़िया, प्रदीप भौंगरा, प्रमोद पालवां, रमेश राणा, मुकेश सुदकैन, जिले सिंह राणा, सत्यनारायण मखंड, काला वाल्मीकि, राजू शर्मा, रणधीर पांचाल, दयानंद मित्तल, प्रवीण गर्ग, सत्यवान दुर्जनपुर मौजूद रहे।



**उचाना।** सफाई कर्मचारी केक कटाने के बाद एक-दूसरे का मुंह मिठा करवाते हुए।

**सफाई कर्मचारियों से केक कटवाया**

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को उचाना में भाजपा विधायक देवेद्रंर चतरभुज अत्री द्वारा कार्यकर्ताओं, आमजन के साथ मनाया। शहर में आयोजित कार्यक्रम में जब पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर केक कटवाने के लिए विधायक को बुलाया गया तो विधायक ने खुद केक काटने की बजाए सफाई कर्मचारियों को बुला कर उनसे केक कटवाया। पीएम मोदी के जन्म दिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। उचाना हलके के तीनों मंडलों में कार्यक्रम आयोजित हुए। कसूहन के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण के बाद रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। उचाना खुर्द स्थित बाबा फुल्लू साध गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़ डाला डाला जाएगा। विधायक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा सेवा को अपना परम धर्म, कत्र्तव्य मानता है। पीएम मोदी के जन्म दिन पर पौधरोपण, रक्तदान शिविर सहित विभिन्न समाज सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# भाजपा जिला कार्यालय में लगाया रक्तदान शिविर



**कैथल।** रक्तदाताओं को बैज लगाते पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

- रक्तदान महादान : ज्योति सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर की अध्यक्षता भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, भाजपा जिला प्रभारी अमरपाल राणा, सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक मुनीष कठवाड़ और रक्तदान शिविर जिला संयोजक अमरजीत छाबड़ा उपस्थित रहे।

ज्योति सैनी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है और सेवा पखवाड़ा का मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा की भावना को पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा कार्यों को समर्पित कर मनाना हर कार्यकर्ता का कर्तव्य है। जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर समाजसेवा का एक महापर्व है। हर कार्यकर्ता को चाहिए कि वह समाज में सेवा की अलख जगाए और पार्टी के इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाए। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति नहीं बल्कि सेवा को भी सर्वोपरि मानती है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा जिला सयोंजक मुनीष कठवाड़, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राव सुरेंद्र सिंह व राजपाल तंवर, रक्तदान शिविर जिला सयोंजक अमरजीत छाबड़ा, सुरेश संधू और मुनीश शर्मा फरल जिला महामंत्री, हिमांशु गोयल जिला मीडिया प्रभारी, आदित्य भारद्वाज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, बबिता चैरपेर्सन नगर पालिका राजौंद, शक्ति सौदा जिला उपाध्यक्ष, रघुबीर फौजी, अजय प्रताप राणा, आशा रानी (जिला सचिव), अशोक मित्तल कोषाध्यक्ष, हरिचंद जांगड़ा, हर्ष गोयल, शमशेर सैनी , जोनी मेहला व पदम भट्टी, यशपाल प्रजापति, बिजेंद्र राणा, जग्गा सैनी, मास्टर योगेंद्र, जोगिंदर धीमान, ईशम साकरा, कमलजीत कौर व अक्षरा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शिवानिया स्कूल की प्रधानाचार्या प्रोमिला को मिला गुरु वंदना शिक्षा सारथी अवार्ड

- विद्यालय में पहुंचने पर स्टाफ ने प्रोमिला मलिक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया एवं सम्मान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶उचाना




**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल प्राचार्या प्रोमिला मलिक।

टू सोल्स फाउन्डेशन एवं लोक कला दर्पण के सहयोग से चण्डीगढ़ में आयोजित समारोह में शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी की प्रधानाचार्या प्रोमिला मलिक को गुरु बंदना विद्या सारथी अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। यह अवार्ड प्रोमिला मलिक को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा एवं मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार प्रवीन अत्री द्वारा सम्मानित किया गया। टू सोल्स फाउन्डेशन की ओर से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश से 96 प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों को सम्मानित किया गया। जींद जिले से गुरु वंदना विद्या सारथी सम्मान प्राप्त करने वाली एकमात्र प्रधानाचार्य है। विद्यालय में पहुंचने पर स्टाफ द्वारा प्रोमिला मलिक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया एवं सम्मान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधक पूनम खटकड एवं संरक्षक नफे सिंह खटकड़ ने प्रधानाचार्या प्रोमिला मलिक को शुभकामनाएं दी। खटकड ने कहा कि यह विद्यालय एवं प्रधानाचार्या दोनों के लिए गौरव की बात है कि प्रधानाचार्या को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए गुरु वंदना विद्या सारथी अवार्ड प्राप्त किया।

# जिला कारागार में जेल लोक अदालत में एक बंदी को किया गया रिहा

- सीजेएम ने कारागार में बंदियों से बातचीत कर मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि लोक अदालत में एक विचाराधीन मामला प्रस्तुत किया गया। जिसका निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। आरोपित पर अन्य कोई मुकद्मा लंबित न होने पर उसकी रिहाई के आदेश पारित किए गए। इस अवसर पर सीजेएम मोनिका ने कारागार में बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कैदियों एवं हवालातियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके समाधान संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। सीजेएम ने बताया कि यदि कोई कैदी अपने मामले की पैरवी के लिए अधिवक्ता की सेवाएं लेना चाहता है तो उसे मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए वह एक लिखित प्रार्थना पत्र जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेज सकता है।



**जींद।** मामले की सुनवाई करते हुए सीजेएम। *फोटो :हरिभूमि*

# धान की फसल में फंगस ने दी दस्तक, किसानों की बढ़ी चिंता

- बीमारी से किसानों की 50 से 80 प्रतिशत धान की फसल खराब हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाई

किसानों की धान की फसल में अब हल्दी फंगस की बिमारी आने से किसान तबाह हो गया है। किसान महेंन्द्र, जय कुमार, रामचंद्र, जयकिशन, नरेंद्र आदि ने बताया कि किसानों की धान में पहले ही बौना पौधा होने की बिमारी आई हुई है। इस बीमारी से किसानों की 50 से 80 प्रतिशत धान खत्म हो चुकी है। अब रही सही खसर इस हल्दी फंगस की बिमारी ने निकाल दी है। अब किसानों का अपने खेतों में जाने का मन ही नही कर रहा है। किसान अपनी धान पर लगभग 50 हजार रुपये से अधिक खर्च कर चुका है। धान की बालों में हल्दी नुमा डोडी बन गई है और ऐसा लग रहा है कि उनकी जल सी गई है और डोडीं के अंदर से हल्दी जैसा फाउडर सा निकलता है। उन्होंने बताया कि किसानों ने 70 से 80 हजार रुपये प्रति एकड़ ठेके पर लेकर धान की फसल लगाई थी। इसके बाद इस पर खर्चा भी अधिक कर चुका है और उनकी अब सारी खड़ी हुई फसल खत्म हो गई है। किसानों के सिर साहुकारों का काफी पैसा कर्ज के रुप में चढ़ चुका है।



**पाई।** बीमारी से प्रभावित धान की फसल

# गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के लिए घातक : वीरेंद्र दलाल

- बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना और शोषण से बचाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निडाना में एमपीएचडब्ल्यू वीरेंद्र दलाल, एएनएम सीमा देवी और निर्मला देवी द्वारा सभा का आयोजन करवाया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देना, टीकाकरण का महत्व, लिंगानुपात में सुधार करना, परिवार नियोजन के तरीकों व सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी से अवगत करवाना था। वीरेंद्र दलाल ने जागरूक करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही-गलत के बारे में अवगत कराना, शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना, लोगों को इसके प्रति जागरूक करना एवं महिलाओं के लिए कल्याणकारी सेवाएं वितरित करने में सुधार करनाए लिंग अनुपात में सुधार करना है।




**जींद।** कन्या भ्रूण हत्या को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।


## 9 को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

# डिप्टी एमएस ने डिप्टी स्पीकर को दिया निमंत्रण

हिंदू कन्या कॉलेज के निकट रक्तदान शिविर लगाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने परिवार सहित हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मुलाकात की और अपने माता-पिता की याद में 19 सितंबर शुक्रवार को हिंदू कन्या महाविद्यालय के निकट सेवा सदन में आयोजित कर रहे रक्तदान शिविर के लिए निमंत्रण दिया। डा. भोला ने कहा कि इस बार रक्तदान शिविर की थीम जीते जी रक्तदान व जाते-जाते नेत्रदान के साथ.साथ पौधारोपण रहेगी। इसके अलावा शिविर में आए लोगों को रक्तदान की महत्ता के साथ-साथ मतदान की महत्ता को लेकर भी जागरूक किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर व अन्य टैस्ट भी किए जाएंगे। डा. राजेश भोला ने बताया कि हर वर्ष की भांति वह इस वर्ष भी अपने माता-पिता की याद में दूसरा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रविवार को होगा। शिविर से पहले वीरवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया जाएगा।



**जींद।** डिप्टी स्पीकर को निमंत्रण पत्र देते डा. भोला। फोटो : हरिभूमि

**डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा होंगे मुख्य अतिथि**

*शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा करेंगे। साथ ही सभी रक्तदाता इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि होंगे और सभी रक्तदाताओं को ही सम्मानित किया जाएगा। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, पत्नी सीमा भोला व बेटे कार्तिक भोला ने बताया कि उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही होता है। रक्तदान करने वालों के साथ उन असहाय और जरूरतमंद लोगों की दुआएं हमेशा साथ रहती हैं जिनके लिए उनका दिया हुआ खून काम आता है। इस समय रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है।*